सुनले अब तो सांवरे | By Tezi Brothers

हार के भी हूँ मैं थक गया बाबा
कब तू सुनेगा मेरी
मुश्किल नहीं है तेरे लिए कुछ भी
बात एक नज़र की है तेरी
हार के सारे जग से बाबा तेरे दर पर आया हूँ
कुछ भी नहीं औकात है मेरी खाली हाथ मैं लाया हूँ
तीन बाणधारी हो तुम सांवरे
देखे बिना तुझको मोहे चैन ना आवे
सुनले अब तो सांवरे तेरे बिन कहाँ अब जाएँ
डूबने लगी है नैया बिन तेरे डूब ना जाए रे
मैंने सुना है तू सुनता सबकी
गम तू लेता है सबके पी
मेरी भी तू बाबा कब सुनेगा
लागे ना तेरे बिन अब जी
जग से आस है छोड़ी कब की
मुझको अपना दास तू कब चुनेगा
सारा जग छोड़ के बाबा तुमसे नाता जोड़ा
जाएंगे कहाँ जो तुमने भी रिश्ता तोडा
अपनों ने भी हमसे मुंह है मोड़ा
खो जायेंगे भवर में जो साथ तुमने छोड़ा
मुझको ज़रूरत तेरी है, बड़ी आस मैं लेकर आया हूँ
कुछ भी नहीं औकात है मेरी खाली हाथ मैं लाया हूँ
तीन बाणधारी हो तुम सांवरे
देखे बिना तुझको मोहे चैन ना आवे
सुनले अब तो सांवरे तेरे बिन कहाँ अब जाएँ
डूबने लगी है नैया बिन तेरे डूब ना जाए रे

बस भी करो अब श्यामा टूट चुका हूँ
तुमसे ही आशा है तभी द्वार पे तेरे खड़ा हूँ
तेरे लिए मैं श्यामा जग से लड़ा हूँ
करदे कृपा मुझ पर मैं दुविधा मैं पड़ा हूँ
तेरी कृपा दृष्टि की है ज़रूरत नैन दरस को आया हूँ
कुछ भी नहीं औकात है मेरी खाली हाथ मैं लाया हैं
तीन बाणधारी हो तुम सांवरे
देखे बिना तुझको मोहे चैन ना आवे
सुनले अब तो सांवरे तेरे बिन कहाँ अब जाएँ
डूबने लगी है नैया बिन तेरे डूब ना जाए रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%85%e0%a4%ac-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-tezi-brothers/